दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 207 मुरादाबाद 24 November 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पुलिस झंडा दिवस पर डीजीपी डीएस चौहान ने सीएम योगी को लगाया फ्लैग पिन



मुख्यमंत्री योगी ने ट्वीट कर पुलिस को पुलिस झंडा दिवस की शुभकामनाएं दीं। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस के समस्त अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्मिकों को %पुलिस झंडा दिवस% की हार्दिक बधाई! समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा की प्रतीक यूपी पुलिस पर हमें गर्व है। जय हिंद। उत्तर प्रदेश में बुधवार को थानों, पुलिस चौकियों व सभी पुलिस कार्यालयों में पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। पुलिस झंडा दिवस पर डीजीपी डीएस चौहान ने मुख्यमंत्री योगी को फ्लैग पिन लगाया और सीएम योगी को प्रतीक चिह्न सौंपा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर पुलिस को %पुलिस झंडा दिवस% की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस के समस्त अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्मिकों को पुलिस झंडा दिवस की हार्दिक बधाई! समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा की प्रतीक यूपी पुलिस पर हमें गर्व है। जय हिंद। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष 23 नवंबर को यूपी में पुलिस झंडा दिवस मनाया जाता है। यूपी पुलिस प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप 23 नवम्बर, 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा पुलिस ध्वज प्रदान किया गया। आज ही के दिन पीएसी बल को भी ध्वज मिला था। 23 नवंबर 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस कलर व ध्वज प्रदान किया था। ध्वज का आकार चार फीट लंबा व तीन फीट चौड़ा, ध्वज में दो रंग है। इसमें ऊपर लाल रंग व नीचे नीला रंग है। इसी दिन पीएसी बल को भी ध्वज प्रदान किया गया था। उत्तर प्रदेश पुलिस के इतिहास में 23 नवंबर का दिन विशेष महत्व रखता है।

## मायावती का भाजपा-सपा और कांग्रेस पर हमला, बोलीं- अति पिछड़े प्रदेश में नहीं दिख रही प्रगति



लखनऊ- यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने आज भाजपा और सपा के साथ कांग्रेस पर भी हमला बोला। बसपा सुप्रीमों ने कहा कि? सपा और भाजपा के शासन काल में प्रदेश ने कोई खास तरक्की नहीं की। वहीं बीएसपी की सरकार में लोगों को सबसे अधिक रोजगार के साथ बुनियादी सुविधाओं का भी लाभ मिला।

### बीएसपी सरकार ने फ्री में लाखों परिवारों को दिए पक्के मकान व भूमि

बसपा चीफ मायावती ने ट्वीट कर कहा कि? यूपी में बीएसपी सरकार में लोगों को रोजगार तथा बुनियादी सुविधाओं से युक्त नए पक्के मकान व भूमि आदि भी फ्री में लाखों परिवारों को आवंटित करके यहां गरीबों का जीवन धन्य होते हुए सभी ने देखा, किन्तु पहले सपा व अब भाजपा। सरकार में भी वैसी खास प्रगति क्यों नहीं?

### डबल इंजन की सरकार में नहीं कोई प्रगति

यूपी में देशी व विदेशी पूंजीनिवेश के लिए सरकार का अनवरत प्रयास जरूरी, किन्तु यह केवल खेती भूमि के अधिग्रहण तथा राजनीतिक एवं चुनावी स्वार्थ तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। यूपी जैसे अति-गरीबों के पिछड़े प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में वैसी ही तेज प्रगति भी लोगों को दिखनी चाहिए।

### कांग्रेस सरकार ने नहीं किया कोई सहयोग

यूपी की समग्र प्रगति, विकास व लोगों की रोजी-रोटी के साथ ही उनकी सुरक्षा व आत्म-सम्मान के लिए बीएसपी की हुकूमत मे जो कुछ खास काम किया वह अपने बलबूते पर किया गया। यमुना के साथ गंगा एक्सप्रेसवे व जेवर एयरपोर्ट भी तब बन जाता अगर केन्द्र की कांग्रेस सरकार ने थोड़ा सहयोग किया होता।

## दिल्ली की Jama Masjid में अब नहीं मिलेगी लड़कियों को अकेले एंट्री, प्रबंधन ने जारी किया नोटिस




नई दिल्ली- पुरानी दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में अब लड़कियों के अकेले प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है। इसके लिए जामा मस्जिद प्रशासन की ओर से आदेश जारी किया गया है तथा मस्जिद के गेट पर पट्टी लगाई गई है, जिसमें लिखा गया है कि जामा मस्जिद में लड़कियों का अकेले दाखिल करना मना है। यह पट्टी तीनों गेट पर लगी है। यह मामला ऐसे वक्त में सामने आया है जब पूरे विश्व में इस्लाम समाज की महिलाएं अपने अधिकारों को लेकर संघर्ष कर रही हैं। ईरान में भी हिजाब को लेकर वहां की महिलाएं सड़कों पर प्रदर्शन कर रही है।

### सामाजिक कार्यकर्ताओं ने की आलोचना

बता दें कि जामा मस्जिद के इस आदेश को कट्टरवादी मानसिकता बताकर आलोचना हो रही है। लोग कह रहे हैं कि कैसे आधी आबादी के साथ कोई ऐसा बरताव कर सकता है। इस मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता शहनाज अफजल ने कहा कि भारत जैसे देश में जहां हर किसी को बराबरी का अधिकार मिला हुआ है। उसमें इस तरह का फैसला संविधान को ताक पर रखने जैसा है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह का फैसला किसी भी सूरत में मान्य नहीं है। ये फैसला लेने वाले लोग उस मानसिकता के हैं जो लड़कियों को अंधकार के कुएं में रखना चाहते हैं। इस मामले को लेकर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रवक्ता शाहिद सईद ने भी इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह मानसिकता गलत है। उन्होंने कहा कि इबादत की जगह हर किसी के लिए खुली होनी चाहिए। यहां महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का बरताव क्यों। अन्य धर्म के धार्मिक स्थलों में यह अंतर नहीं है।

### मस्जिद के प्रवक्ता ने किया इस फैसले का बचाव

इस संबंध में जामा मस्जिद के प्रवक्ता सबीउल्लाह ने इस निर्णय का बचाव करते हुए कहा है कि जामा मस्जिद में कई सारे कपल ऐसे आ जाते हैं जिनका व्यवहार धर्म के अनुसार नहीं होता है। साथ ही उन्होंने कहा किसोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाने के लिए भी यहा कुछ युवतियां आती हैं, जो नमाज स्थल तक आ जाती हैं जिसके कारण नमाजियों को असुविधा होती है। उन्होंने कहा कि अंदर मस्जिद में वीडियो न बनाने के संदेश भी लिखे हैं।

### दिल्ली के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है जामा मस्जिद

बता दें कि दिल्ली का ऐतिहासिक जामा मस्जिद मुगलों के जमाने की है इसकी गिनती विश्व के सबसे बड़े मस्जिदों में होती है। यह दिल्ली का प्रमुख धार्मिक स्थल में से एक होने के साथ-साथ देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र भी है। रमजान के दिनों में यहां इफ्तार के वक्त रौनक देखते ही बनती है, जहां बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होकर नमाज अदा करते है।

# पराली जलाने पर की जायेगी कार्यवाही-जिलाधिकारी

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में फसल अवशेष प्रबन्धन के सम्बन्ध में नोडल अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई।उन्होने कहा,कि यदि फसल अवशेष जलाये जाने की घटना प्रकाश में आती है,तो राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशानुसार अर्थदण्ड का प्रावधान भी निर्धारित किया गया है,जो 02 एकड तक के लिए 2500 रू0 प्रति घटना,02 एकड से 05एकड क्षेत्र के लिए 5000 रू0 प्रति घटना तथा 05 एकड से अधिक क्षेत्र के लिए 15000 रू0 प्रति घटना।फसल अवशेष जलाना अपराध की श्रेणी में है,यदि पुनरावृत्ति करने पर भारतीय दण्ड संहिता( आई0पी0सी0 ) की धारा 188 संज्ञेय, 278 असंज्ञेय290 असंज्ञेय एवं 291संज्ञेय एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही किया जाना अथवा कारावास का भी प्राविधान है।

जिलाधिकारी ने नामित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है,कि फसल अवशेष प्रबन्धन की जानकारी हेतु,आयोजित जनपद स्तरीय गोष्ठी/प्रशिक्षण में दिए गए,निर्देशों का प्रचार-प्रसार करेंगे।न्याय पंचायत के राजकीय कार्मिकों जैसे-ग्राम विकास अधिकारी,लेखपाल,न्याय पंचायत की पुलिस बीट के सिपाही,सफाई कर्मी एवं कृषि विभाग के तकनीकी सहायकों के साथ मिलकर फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु,निगरानी समिति का गठन कर रणनीति तैयार करें।यदि किसान पराली जलाते हैं,तो यह माना जायेगा,कि वे जानबूझकर अपराध कर रहे हैं,और उनको प्राप्त होने वाली सरकारी सुविधाएं रोकी जा सकती है,इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार,कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं विभिन्न न्याय पंचायतों के नोडल अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# 68 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती-पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविन्द कुमार मौर्य ने खोये हुए मोबाइलों की शीघ्र बरामदगी कर उनके स्वामियों को सुपुर्द करने के निर्देश सर्विलांस/स्वाट टीम को दिए थे। जिसके परिपेक्ष्य में सर्विलांस/स्वाट टीम ने खोये हुए प्रत्येक मोबाइल की लगातार ट्रैकिंग कर जनपद के विभिन्न स्थानों से मोबाइलों को बरामद किया गया। सर्विलांस/स्वाट टीम द्वारा खोये हुए मोबाइलो की बरामदगी के लिए किये गए प्रयासों के फलस्वरूप कुल-68 खोये हुए विभिन्न कम्पनियों जैसे-वीवों, रेडमी, ओप्पो, सैमसंग रियलमी आदि मोबाइल बरामद करने पर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती ने पुलिस कार्यालय में उनके स्वामियो को बुलाकर सुपुर्द किया। बरामद किए गए समस्त मोबाइलों की अनुमानित मूल्य लगभग 10 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती ने खोए हुए मोबाइल को बरामद करने वाली सर्विलांस/स्वाट टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती द्वारा उपस्थित सभी मोबाइल स्वामियों को साइबर क्राइम से बचने हेतु टिप्स एवं साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया।

# नशे की हालत में पकड़ा गया था हत्यारोपी पिता, पुलिस से बोला- बीयर पियूंगा, फिर उगला जुर्म




आयुषी की हत्या के बाद उसके पिता नितेश यादव को तनिक भी अफसोस नहीं था। वह शराब पीकर एमसीडी के चुनाव प्रचार में घूमता रहा। 20 नवंबर को मथुरा पुलिस जब आयुषी के दिल्ली के बदरपुर स्थित घर पहुंची तो हत्यारोपी पिता नितेश यादव घर पर नहीं मिला था। इसी दिन स्वॉट टीम ने उसे एक राजनीतिक दल के चुनाव कार्यालय से उठाया था। नशे में धुत हत्यारोपी को पकड़कर स्वॉट टीम शव की पहचान के लिए मथुरा लेकर चली तो रास्ते में पूछताछ के दौरान ही उसने बीयर पीने की शर्त रख दी। पुलिस ने उसकी इच्छा पूरी की, फिर भी वह पुलिस को गुमराह करता रहा। आखिरकार देर रात तकरीबन 11.30 पुलिस ने सख्ती बरती तो वह टूट गया। उसने आयुषी की हत्या करना स्वीकार कर लिया। नितेश के नशे में धुत होने के कारण ही पुलिस ने उसे अलग गाड़ी में बैठाया और मां, भाई को दूसरी गाड़ी से पहचान के लिए पोस्टमार्टम गृह तक पहुंची थी। इस बीच मांट टोल चौकी पर नितेश को बैठाया गया। राया क्षेत्र में 18 नवंबर को यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर कृषि अनुसंधान केंद्र के पास झाड़ियों में खून से लथपथ ट्रॉली बैग में मिला था। इसमें बीसीए की छात्रा आयुषी ( 22 ) की लाश थी। मथुरा पुलिस की 14 टीमें इस मामले की जांच में जुटी। तब जाकर 48 घंटे में मृतका की पहचान हो पाई। कार्यवाहक एसएसपी मार्तंड प्रकाश सिंह ने 21 नवंबर को आयुषी हत्याकांड का खुलासा किया। हत्यारोपी पिता नितेश यादव और मां ब्रजबाला को गिरफ्तार कर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि हत्यारोपी दंपती रातभर नहीं सोए। थाना राया प्रभारी निरीक्षक ओमहरि वाजपेयी और राया कट चौकी प्रभारी हरेंद्र कुमार के अलावा फॉरेंसिक टीम को दिल्ली आयुषी के मकान पर भेजा गया। वहां पर आयुषी के कमरे फॉरेंसिक टीम ने खून के सैंपल के अलावा महत्वपूर्ण तथ्य एकत्रित किए। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगालेपूछताछ में नितेश यादव ने बताया कि आयुषी ने करीब एक साल पहले उन्हें बिना बताए छत्रपाल गुर्जर नाम के युवक से आर्य समाज मंदिर में प्रेम विवाह किया था। वह उससे बार-बार छिपकर मिलती थी। मना करने पर भी वह नहीं मानी। इसके कारण उनकी बदनामी हो रही थी। इसी के चलते उसने बेटी की हत्या कर दी।



# पुलिस अधीक्षक ने जमुनहा पुलिस चौकी का किया उद्घाटन






प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती थाना मल्हीपुर के अंतर्गत चौकी जमुनहा का जन सहयोग से जीर्णोद्धार कराया गया। जिसका आज पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह का आयोजन भव्य तरीके से किया गया। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधान व सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे। आपको बता दें कि अब चौकी जमुनहा को अपना नया भवन मिल गया है, जिसमें चौकी कार्यालय,आरक्षी बैरक, भोजनालय, इंचार्ज कक्ष, स्नानागार आदि बने हुए हैं।

प्रभारी निरीक्षक थाना मल्हीपुर व चौकी प्रभारी कृष्ण गोपाल राय द्वारा क्षेत्र के सम्मानित संभ्रांत लोगों से वार्तालाप कर जन सहयोग प्राप्त कर चौकी जमुनहा का जीर्णोद्धार कराया गया। उद्घाटन के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह, चौकी प्रभारी जमुनाहा उपनिरीक्षक कृष्ण गोपाल राय, पीआरओ पुलिस अधीक्षक अर्जुन पटेल व एसएसबी चौकी प्रभारी सहित क्षेत्र के संभ्रांत लोग व अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# शार्प शूटर आदित्य राणा का अगला टारगेट कौन? पुलिस को किसी बड़ी वारदात की आशंका, फरार है ढाई लाख का इनामी

मुरादाबाद-शाहजहांपुर में पुलिस कस्टडी से 23 अगस्त 2022 को फरार हुआ कुख्यात शार्प शूटर आदित्य राणा की तलाश पुलिस महकमे ने काफी तेज कर दी है। मुरादाबाद मंडल के डीआइजी शलभ माथुर ने ऑपरेशन आदित्य राणा की कमान खुद संभाली है।



### आदित्य राणा पर है ढाई लाख रुपये का इनाम

आदित्य राणा पर ढाई लाख रुपये का इनाम है। पुलिस को इनपुट मिला है कि आदित्य किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से ही फरार हुआ था। जिसको वह जल्द ही अंजाम दे सकता है। पुलिस सूत्रों की मानें तो आदित्य राणा की हिट लिस्ट में कुछ महत्वपूर्ण लोग हो सकते हैं। इसके चलते पुलिस महकमे में खलबली मची हुई है।

### पहली बार सिपाही की आंख में मिर्च झोंक कर हुआ था फरार

आदित्य राणा दुस्साहसिक तरीके से हत्या को अंजाम देता है। हत्या के ही मामले में वह वर्ष 2017 में पहली बार गिरफ्तार हुआ था। लेकिन, उसी साल चार अगस्त कोर्ट में पेशी पर ले जाते समय सिपाही की आंख में मिर्च झोंककर फरार हो गया था। बाद में 10 जनवरी 2018 को उसने बिजनौर की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था।

### दूसरी बार शाहजहांपुर से हुआ था फरार

आदित्य राणा करीब एक साल तक बिजनौर जेल में रहा, फिर उसे फरवरी 2019 में मेरठ जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। बाद में अगस्त 2019 में उसे लखनऊ जेल भेज दिया गया था। लखनऊ से ही उसे बिजनौर में पेशी पर लाया जाता था। इसी दौरान 23 अगस्त 2022 को आदित्य राणा एक बार फिर फरार हो गया था।

### टॉयलेट का बहाना बनाकर पुलिस को दिया था चकमा

23 अगस्त को उसे एक मुकदमे में बिजनौर कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। यहां से उसे पुलिस वापस लेकर लखनऊ जा रही थी। वापसी में शाहजहांपुर में हरदोई बाइपास स्थित रोड चिली ढाबे पर रात में करीब 12 बजे पुलिस टीम खाना खाने के लिए रुकी थी। आदित्य टायलेट जाने के बहाने पुलिस को चकमा देकर भाग गया था।

### सीआरपीएफ में आदित्य राणा का हुआ था चयन

अपराधा की दुनिया में कदम रखने से पहले आदित्य राणा का चयन सीआरपीएफ में हुआ था। आदित्य राणा बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र में राणा नंगला गांव का रहने वाला है। सीआरपीएफ में चयन होने के बाद जब उसे ट्रेनिंग के लिए जाना था, उसके कुछ ही दिन पहले उसने दुस्साहसिक तरीके से युवक की हत्या कर दी। जिसकी वजह से वह प्रशिक्षण में जाने के बजाय जेल पहुंच गया। इसके बाद आदित्य राणा ने अपराध की दुनिया में पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### पहली बार धर्मवीर हत्याकांड में उछला नाम

आदित्य अत्याधुनिक असलहे चलाने में माहिर है। उसके खिलाफ लूट, हत्या, अपहरण, रंगदारी जैसे संगीन अपराधों में 41 मुकदमे दर्ज हैं। उसका नाम पहली बार 2013 में बिजनौर के गांव कासमाबाद में हुई धर्मवीर की हत्या में सामने आया था। इसके बाद आदित्य बदनाम होता चला गया। उसने कई लोगों के खून से अपने हाथ रंग लिए। पुलिस ने आदित्य राणा को काफी समय लखनऊ जेल में भी रखा।

### खुफिया एजेंसियों को मिला इनपुट

पुलिस के आला अधिकारियों को खुफिया एजेंसियों से इनपुट मिला है कि शाहजहांपुर में पुलिस कस्टडी से फरार हुए शार्प शूटर आदित्य राणा के हिटलिस्ट में कई लोगों के नाम हैं। वह कहीं भी किसी वारदात को अंजाम दे सकता है। इसलिए पुलिस की कई टीमें आरोपित के बारे में पता लगाने में लगी हैं। पुलिस उसे जल्द से जल्द दबोचना चाहती है। डीआइजी शलभ माथुर ने इसके लिए कई टीमों का गठन किया है। उसके रिश्तेदारों पर भी नजर रखी जा रही है।

# बरेली को 3-2 से हराकर वाराणसी स्टेट चैंपियन



मुरादाबाद। अंतर मंडलीय सीनियर ब्वॉयज फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल खेला गया। इसमें वाराणसी मंडल ने बरेली की टीम को 3-2 से हराकर स्टेट चैंपियन का खिताब जीता। प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली रोड स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल के मैदान पर हुआ। मैच के अंतिम क्षणों तक यह कहना मुश्किल था कि किसकी जीत होगी। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को रेड कार्ड दिखाए गए। इसके चलते दोनों टीमें 10-10 खिलाड़ियों के साथ खेलीं। मैच के 5वें मिनट में वाराणसी के मुस्तफा ने गोल कर टीम का खाता खोला। बरेली ने भी इसके जवाब में आक्रमण तेज किया। वाराणसी के रक्षक के गलत व्यवहार पर निर्णायक ने पेनाल्टी दी। बरेली के यशराज थापा ने इसे गोल में तब्दील किया। इस तरह पहला मध्यांतर 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ।दूसरे मध्यांतर में दोनों ही टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे पर निरंतर आक्रमण करते दिखे। वाराणसी के तौफीक ने 55वें मिनट में गोल कर अपनी टीम कों 2-1 की बढ़त दिलाई। इससे बरेली पर दबाव बढ़ गया। विकट परिस्थिति में बरेली के लिए एक बार फिर तौफीक रजा कारगर साबित हुए। उन्होंने 75वें मिनट पर गोल कर एक बार फिर बरेली को बराबरी पर खड़ा किया। इस गोल ने मैच को और रोमांचक बना दिया। मैदान के बाहर एमपीएस के विद्यार्थियों की भीड़ नतीजा देखने के लिए उमड़ पड़ी। खेल की समाप्ति से पांच मिनट पहले भाग्य ने वाराणसी का साथ दिया। वाराणसी के संजय ने बरेली की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए 85वें मिनट पर शानदार गोल किया। इससे मैच का स्कोर 3-2 हो गया।

कुछ देर बाद निर्णायक ने खेल समाप्ति की लंबी सीटी बजाई और वाराणसी की जीत पर मुहर लगा दी। मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति सिंह, अति विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के सचिव मोहम्मद शाहिद, विशिष्ट अतिथि मॉडर्न पब्लिक स्कूल के निदेशक सऊद आलम ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इनके अलावा अतिथियों में राजेंदर टंडन, मोहम्मद अरकान, सलाउद्दीन मंसूरी, एमपीएस के प्रधानाचार्य शकील अहमद, एचओडी सुशील कुमार, डॉ. आसिफ, मोहम्मद इमरान रहे। इस मौके पर पर्यवेक्षक आरिफ नजमी, चयनकर्ता अजीत सिंह, भैरो दत्त, शमीम अहमद, निर्णायक देबुजीत सिंह यादव, अजय यादव, महेश चंद, मेहरुद्दीन खान, मोहम्मद इमरान, माधुरी देवी रहे। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद नासिर कमाल ने सबका धन्यवाद व्यक्त किया।

# कमिश्नर ने आयुक्त सभागार मे मोबाइल-एप "बुक -स्मार्ट" किया लांच

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने आज आयुक्त सभागार मे मोबाइल एप बुक -स्मार्ट लांच किया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है कि मुरादाबाद से इसका शुभारम्भ किया जा रहा है। उन्होने बताया है कि सार्ड एवं वर्ड रीडर गैर सरकारी संस्था द्वारा बच्चों में भाषा एवं कहानी के ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समेकित बाल विकास विभाग के साथ मोबाइल-एप बुक -



स्मार्ट्फ को लांच किया है। उन्होने कहा कि यह एक ऐसी पहल है जो बडो को भी जोडेगी और छोटो को भी। वर्ड रिडिंग के साथ-साथ बच्चो से अन्य च्वाइस की भी जानकारी ली जाये। यह एप हमारे बच्चो के लिए सार्थक सिद्व होगा वर्ड रीडर एप के माध्यम से मुरादाबाद निश्चित तौर पर उचाईयो पर जायेगा। जो किसी अभाव मे बच्चे आगे नही बढ पा रहे है उनके लिए यह गौरव की बात है। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन बीएन यादव, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुपमा शाडिल्य, वर्ड रीडर के डायेक्टर प्रदीप कुमार, सीडीपीओ एवं एनजीओ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# 'Aukat' election

Prime Minister Modi has once again made Gujarat elections 'emotional'. This trend has been going on since 2007 elections and Gujarat has been giving mandate to BJP out of emotion. Undoubtedly, the BJP has also done many important works during its continuous rule of 27 years. Gujarat was already a prosperous state, but has made it even more prosperous. Foreign investment is maximum there, but even today many questions are present in front of BJP. Although the mandate is not going to be affected much. If the Gross Domestic Product (GDP) of Gujarat is around Rs 22 lakh crore today, then the state also has a debt of around Rs 4 lakh crore. If the growth rate is an average of 17.4 per cent, then the status of the human index in Gujarat is questionable.There is still malnutrition, high infant mortality, and people are dying from spurious liquor in Mahatma Gandhi's prohibition of Gujarat. It is not just a phenomenon. Of course today in the Saurashtra-Kutch region, water is abundant and the underground water level is continuously increasing, tap water is available in about 97 percent of the houses, the average of children who drop out of school is also about 1.5 percent. Of course, the unemployment rate is 1.7 percent on an average, which is very low in comparison to other states, but why are lakhs of youth still unemployed? Why is there a rush of applicants for each and every job? The issues of smuggling, crime, devaluation of rupee, inflation, petrol-diesel prices, agriculture etc. are present in Gujarat and people talk about it, some agitations have also been seen, but the election mandate is not fixed on these issues. Prime Minister Modi as 'Bade Pradhan' is an issue in himself. Majority of the public believes that only the 'big head' can find solutions to all the problems. Estimates of some surveys suggest that the tragedy of bridge collapse in Morbi that killed 136 innocent people has also not become an election issue. Then on the basis of which issues will the mandate of Gujarat be decided? Will the personal respect or insult of Prime Minister Modi be considered as Gujarat's identity? However, this conclusion will be made public only on December 8, but the Prime Minister has tried his best to link the election with 'aukat'. Its response will also become clear in the coming few days. Senior Congress leader and former Union Minister Madhusudan Mistry had given a statement that this time Modi will be shown his status. A few days after the statement, Prime Minister Modi has given his reaction on this. Addressing a public meeting, he said in his own dramatic style - 'Hey my parents! You are from the royal family.on raising the issue of 'aukat'. This also happens in a democracy. Political parties and leaders have been raising emotional issues and they have also been getting electoral benefits, but we do not consider it as an election. If about 6000 schools are closed in Gujarat due to any reason and there is only one teacher in about 500 schools, some government faces are sitting on the road protesting, the contract for Morbi bridge has been given to a watch making company, then BJP should give an explanation. Of course, all the surveys, till date, have projected the BJP to form the government, but the Congress is also a political force with an assured vote bank of 35-39 per cent. If AAP gets some seats, then it is a matter of pride, but we will definitely try to understand the feelings of the Prime Minister regarding his status.


# Sara Khan is troubled by the antics of ex-husband Ali Merchant, said – he is hungry for publicity

Sara Khan gave an interview with her boyfriend Shantanu Raje, in which the actress talked about her ex-husband Ali Merchant. Also said that she has now moved on. Actress Sara Khan, who became a household name after playing the character of Sadhna in the serial 'Bidai', has once again come into limelight. Sara talked about her ex-husband Ali Merchant in a recent interview and said that he has not forgotten the old things yet. Sara and Ali got married in Bigg Boss house in 2010, after which their relationship broke up in just two months. At the same time, now once again the personal life of both is in discussion.Recently Sara Khan talked about her personal life in an interview. During this Sara's boyfriend Shantanu Raje was also present. Sara and Shantanu were asked the question whether Ali's presence makes any difference to them. To this Shantanu replied that no, even when Ali had entered the lockup, he did not have any insecurity because he knew that Sara was not going to give him any respect now. Talking about Ali Merchant being a part of 'Lockup', Sara said, 'I was told that we should bring Ali in the show? On this I said that I have no problem, but I will not be able to take that kind of part in the show. Then when he came on the show, I stopped playing. I have moved on in life.On friendship with Ali, Sara said, 'Our relationship was not good enough to be friends. Whenever you see them, they come to say hello, but now we should move on. I do not want all this. Next Sara said, 'I was very young and I did not have that much brain. Let bygones be bygones. He finds the point of controversy. He is a person hungry for publicity, where he sees that there is media and I am there, he comes and stands.



# Drishyam 2 faltering in the storm, managed to reach the height, the collection crossed 25 crores

Sooraj Barjatya's recently released film Ukta started well at the box office. The film has also received a lot of appreciation from the critics. The film surprised everyone by collecting more than expected on the opening day. On the first weekend too, Ushti did a great collection at the ticket window. Though, Ajay Devgn's Drishyam 2 is facing tough competition after the release of the film, but still the film is trying its best to survive at the box office. Impress in the first weekend itself - Amitabh Bachchan, Anupam Kher, Boman Irani, Neena Gupta, Sarika and Danny Denzongpa starrer Uthi was released on 11 November and the film opened its box office with 1.81 crores on its opening day. At the same time, on the first Sunday, the collection of height reached 4.71 crores and the film collected more than 10 crores within three days. Earned so many crores on Tuesday, after the weekend, there was a continuous decline in the height's collection, but the film once again jumped and collected a decent collection on the second weekend. With this, the film's earnings crossed 23 crores in the second week itself. However, due to Ajay Devgan's recent release Drishyam 2, the height is suffering a bit at the box office. According to the report of India Today, on Monday, the collection of height reached below one crore for the first time and the film collected only 75 lakhs, while on Tuesday the film's earnings once again declined and height collected only 70 lakhs. did. With this, the net collection of the film has crossed 25 crores.




# हम पुलिसकर्मियों को उनकी सेवा, शौर्य और शहादत के लिए नमन करते हैं

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-हम पुलिसकर्मियों को उनकी सेवा, शौर्य और शहादत के लिए नमन करते हैंक्क, झण्डा दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों ने ली शपथ आज दिनांक 23.11.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन एटा के साथ-साथ जनपद के समस्त थानों में झण्डा दिवस के अवसर पर श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के संदेशों को पढ़कर सुनाया गया साथ ही पुलिसकर्मियों को न्यायपूर्ण, कर्त्तव्यनिष्ठ एवं व्यवहारिक पुलिसिंग की शपथ दिलाई गई। इस दौरान समस्त पुलिसकर्मियों को सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। आजादी के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर और अधिक प्रभावी पुलिसिंग के लिए लगातार प्रयास किये जा रहें है, जिसके क्रम में एक शानदार विचार की कल्पना कर यूपी पुलिस के प्रत्येक रैंक को प्रतीक चिन्ह देने का निर्णय





लिया गया। 01 नवम्बर, 2022 को मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश स्तर से उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रतीक चिन्ह का विमोचन कर सभी रैंक के पुलिस कार्मिकों हेतु प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। यह प्रतीक चिन्ह वर्दी पर धारण किया जायेगा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री धनंजय सिंह कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक क्राइम श्री विनोद कुमार पांडेय तथा प्रतिसार निरीक्षक एटा श्री हरपाल सिंह सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# शिकोहाबाद रोड से अज्ञात चोरों ने वकील की बाइक उड़ाई



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद के शिकोहाबाद रोड पर चल रहे प्रीतिभोज कार्यक्रम पाण्डाल के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात चोरों ने उड़ा ली। बाइकस्वामी ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस को दी है। नगर के उद्देतपुर निवासी उत्तम पुत्र रामअवतार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि प्रार्थी की मोटर साईकिल पंजीकरण सं0 U.P 82-AA 6256 इं0न0 HA 10CHHG11202 चैसिस नम्बर MBLHAR 185 HHG67400 पैशन प्रो रंग काला समर्पण सेवा धाम शिकोहाबाद रोड एटा पर प्रार्थी का मण्डप प्रीति भोज होने के कारण खड़ी थी। जिसे दि.19-11-2022 को समय करीब 7.45 बजे शाम अज्ञात चोर द्वारा ले गया उक्त घटना वहाँ पर लगे CCTV कैमरा मे पूर्ण रूप से घटना कैद है उक्त नोटर साईकिल का बीमा नही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है।

# स्वास्थ्य कर्मी और सीएचसी जलेसर के चिकित्सक का फोन पर अश्लील बातें करने का ऑडियो वायरल हुआ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- महिला जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य कर्मी और सीएचसी जलेसर के चिकित्सक का फोन पर अश्लील बातें करने का ऑडियो वायरल हुआ है। इसकी शिकायत महिला ने विभागीय अधिकारियों के साथ कोतवाली नगर पुलिस से की है। कोतवाली नगर में दी तहरीर में पीड़ित महिला ने बताया कि 19 नवंबर को रात 9.30 बजे फोन आया। फोन करने वाले ने अपने को सीएचसी जलेसर में कार्यरत डॉक्टर बताया। अपने को जलेसर का गुंडा भी कहा। उसके साथ ही फोन पर अश्लील बातें एवं गाली-गलौज करने लगा। व्यक्ति का नाम पता न होने के कारण फोन काट दिया था। उसके बाद भी लगातार इन्हीं नंबरों से गाली-गलौज कर देख लेने की धमकी देने लगा। पता करने पर मालूम हुआ कि यह डॉक्टर जलेसर में तैनात है। इसकी जानकारी उसने सीएमओ एटा व डीआईओ एटा को दी। देर रात तक यह डॉक्टर उसको फोन कॉल के जरिये अश्लील व अभद्र भाषा का प्रयोग कर प्रताड़ित करता रहा। इससे वह स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है। पीड़िता ने संबंधी चिकित्सक के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। अश्लील-अभद्र बातों का ऑडियो महिला आयोग को भेजा सीएचसी जलेसर में तैनात डा. प्रवीन सिंह से महिला के भाई ने जब फोन पर परिचय जानना चाहा तो उसको भी धमकाने लगा। अपने विभागीय उच्चाधिकारियों को रिवाल्वर के बल पर रखने की घुड़की देते हुए भला-बुरा कहा। पीड़ित कर्मी ने डाक्टर की अश्लील बातों को ऑडियो रिकार्ड के रूप में विभागीय उच्चाधीकारियों सहित उत्तर प्रदेश महिला आयोग को भी भेजा है। सीएचसी पर तैनात चिकित्सक वर्तमान में मौजूद नहीं है। वह फर्रुखाबाद के रहने वाले हैं। शनिवार से वापस ड्यूटी पर नहीं आए हैं। महिला कर्मी से अश्लील बातों के ऑडियो वायरल होने की जानकारी उन्हें भी मिली है।- -डा. पवन शर्मा, एमओआईसी, जलेसर (एटा) सीएचसी जलेसर पर तैनात डाक्टर के महिला कर्मचारी से अभद्रता, अश्लील बातें करने का मामला संज्ञान में है। मामले की विभागीय जांच कराई जा रही है। जांच के बाद संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।- डा. उमेश कुमार त्रिपाठी, सीएमओ, एटा

# जिस मासूम को बताया मृत वह जीवित मिला

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- तालाब में डूबकर मृत जिस बच्चें को पिता ने अपना बताया था वह बच्चा मां के साथ रहता मिला। पुलिस ने महिला और बच्चे को बरामद कर मामले का खुलासा किया है। पुलिस का दावा है कि पति के उत्पीड़न से तंग आकर पत्नी अपने बच्चे को लेकर चली गई थी।

पति ने साढू व अन्य आरोपियों पर पत्नी को ले जाने एवं बच्चे की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बता दें कि थाना मारहरा के गांव नगला ककरेट निवासी मानपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाए थे कि पांच सितंबर को पत्नी छह वर्षीय बेटे प्रवेंद्र को लेकर बाजार करने गई थी। उसके बाद से वह घर नहीं लौटी है। आरोप लगाया था कि साढू नीलेश व इसकी पत्नी निवासी लोहचा जलेसर सहित छह आरोपी पत्नी व बेटे का अपहरण कर ले गए हैं। पत्नी की जबरन शादी करा दी है और बेटे प्रवेंद्र की हत्या कर दी है। मामले में 21 सितंबर को सोरों के तालाब में मासूम का शव भी मिला था। मानपाल ने बेटे प्रवेंद्र के रूप में शव की शिनाख्त की थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। एसओ मारहरा सत्यपाल सिंह व टीम ने अपहृत मानपाल की पत्नी व बेटे को फिरोजाबाद से सही-सलामत बरामद किया। दोनों को लेकर पुलिस थाने आई। पुलिस की मानें तो मानपाल अधिक शराब पीता था। इसके चलते उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। शराब के नशे में पत्नी को पीटता था। इससे नाराज होकर पत्नी बच्चे को लेकर फिरोजाबाद चली गई थी। सीओ सदर संगम लाल मिश्र ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

# तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- बाइक सवार मां बेटा हुए घायल सूचना पर पहुंची एनएच हाईवे की एंबुलेंस ने कराया मेडिकल कॉलेज भर्ती! बाइक सवार मां बेटा एटा से जा रहे थे मैनपुरी के तरफ! आसपुर टोल प्लाजा समीप बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई! घायल बाइक सवार विनीता देवी पत्नी सुखबीर, पुत्र अजय बताए गए! एटा थाना मलावन क्षेत्र के आसपुर टोल प्लाजा समीप का है एक्सीडेंट का मामला,

# 1,34,00,000 रुपए की अवैध शराब का विनिष्टीकरण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शराब माफियाओं के कारनामों पर बड़ी कार्यवाही, थाना कोतवाली देहात पुलिस ने कराया करीब 1,34,00,000 रुपए की अवैध शराब का विनिष्टीकरण। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में माल निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 22.11.2022 को अपर उप



जिला मैजिस्ट्रेट श्री वेदप्रिय आर्य व क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकुमार सिंह की उपस्थिति में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा उत्कृष्ट पैरवी करते हुए माननीय न्यायालय से आदेश प्राप्त कर 50 भिन्न-भिन्न अभियोगों से सम्बन्धित मालों का विनिष्टीकरण कराते हुए जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर अवैध शराब नष्ट कराई गई। जिसका विवरण निम्नवत है 1.1368 पेटी अंग्रेजी शराब व 1562 पेटी देशी शराब कुल 2930 पेटी शराब, कुल अनुमानित कीमत 1,34,00,000 रूपये

# चोरी की मोटर सायकल सहित 1 गिरफ्तार, चौकी उमेश्वरपुर पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- ग्राम शिवनगर, चौकी तारा निवासी लक्ष्मण सिंह ने चौकी उमेश्वरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 10/11/22 की सुबह रेलवे गार्ड ड्यूटी हेतु ग्राम सलका प्राण पथरी रेलवे लाईन किनारे अपने होण्डा मोटर सायकल को खड़ा कर चला गया, ड्यूटी से वापस आने पर मोटर सायकल वहां नहीं था किसी अज्ञात चोर के द्वारा मोटर सायकल चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश चौकी प्रभारी को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी उमेश्वरपुर की पुलिस चोर की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम ललाती, थाना उदयपुर निवासी बिपिन सिंह बादी चोरी की मोटर सायकल चला रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी विपिन सिंह बादी पिता कृपाल सिंह उम्र 19 वर्ष को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया, आरोपी के निशानदेही पर चोरी की मोटर सायकल कीमत 80 हजार रूपये का बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर देवनाथ चौधरी, प्रधान आरक्षक कपिल सिंह, जगजीत सिंह, आरक्षक विक्रम सिंह, राकेश सिंह, शिवशंकर सिंह, मनोज जायसवाल, सुरेन्द्र सिंह व सैनिक रविन्द्र सिंह सक्रिय रहे

# आईजी सरगुजा श्री राम गोपाल गर्ग ने सूरजपुर जिले का किया दौरा

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-पुलिस अधिकारियों की ली वर्चुअल बैठक, घटना चाहे किसी भी थाना का हो सूचना पर त्वरित करें कार्यवाही,बीट प्रणाली को मजबूत करने पर दिया जोर नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज, श्री राम गोपाल गर्ग ( भा.पु.से. ) द्वारा जिला सूरजपुर का प्रथम भ्रमण किया गया। आईजी सरगुजा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में श्री रामकृष्ण साहू की मौजूदगी में जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों की वर्चुअल बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने आईजी सरगुजा को जिले की सामान्य जानकारी से अवगत कराया। बैठक के उपरान्त आईजी सरगुजा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रक्षित केन्द्र, थाना सूरजपुर व थाना विश्रामपुर का भी औचक निरीक्षण किया और साफ-सफाई एवं व्यवस्थित रिकार्ड संधारण पर संतोष जताया। वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से आईजी श्री राम गोपाल गर्ग ( भा.पु.से. ) ने थाना-चौकी प्रभारियों का परिचय लेते हुए थाना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, थाना-चौकी में तैनात बल, लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए उसे समयावधि में निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आईजी सरगुजा ने निर्देशित किया कि आमजनता में पुलिस की छवि को और बेहतर बनाने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी घटना-दुर्घटना अथवा अपराध की सूचना लेकर कोई फरियादी/आवेदक थाना आता है तो उसकी तत्काल सुनवाई की जाए, चाहे मामला किसी दूसरे क्षेत्र का ही क्यों न हो विधि के अनुसार अपराध की सूचना पर शून्य में मामला पंजीबद्ध कर संबंधित थाने को विवेचना के लिए भेजी जाए, इससे आमजनता और पुलिस के बीच मधुर संबंध स्थापित होगा। पुलिस महानिरीक्षक ने अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए। अपराध एवं अपराधियों को रोकने एवं बेसिक पुलिसिंग को और सशक्त और मजबूत करने, लंबित मामलों सहित चिटफण्ड के मामलों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। चिटफण्ड के मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी में सक्रिय होकर कार्य करने, चोरी-नकबजनी के मामले में गंभीरतापूर्वक आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी एवं शत् प्रतिशत माल बरामदगी, महिला सुरक्षा, पुलिसिंग एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता तथा सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए जरूरी कदम उठाते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करने, साइबर अपराध के मामले प्रकाश में आने पर त्वरित मामला पंजीबद्ध करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि अपराधियों में पुलिस का भय होना और दिखना चाहिए, अपने पद का दायित्वों का निर्वहन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जिला सूरजपुर भ्रमण के दौरान डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।बीट प्रणाली होगी मजबूत- आईजी सरगुजा ने बैठक में कहा कि पुलिस का कार्य अपराधों पर अंकुश लगाना है और यह तभी सम्भव है जब हम जाबाजी और इमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए हममें से हर एक को अपने क्षेत्र में मेहनत और संवेदनशीलता से कार्य करना होगा। जिले में पुलिस की बीट प्रणाली को मजबूत करने के साथ ही सूचना तंत्र को भी प्रभावी बनाने को लेकर निर्देश दिया। बीट प्रणाली को मजबूत बनाए के लिए हर थाने का बीट अधिकारी व जवान अपनी बीट में जाकर लोगों से जनसम्पर्क करेगा और लोगों से उनकी समस्या से अवगत होगा और ग्राम की प्रत्येक गतिविधियों के बारे में जानकारी लेगाए साथ ही त्वरित सूचना आदान-प्रदान के लिए बीट क्षेत्र के ग्रामीणों और पुलिस अधिकारी व जवानों का वाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया। जिले की पुलिस के द्वारा अच्छा कार्य किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

# भारत जोड़ो पदयात्रा में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव को मिला बेस्ट युवा कांग्रेस का पुरस्कार

## सूरजपुर जिले में भारत जोड़ो पदयात्रा निकाला गया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- ओड़गी - छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के द्वारा इंडोर स्टेडियम रायपुर में भारत जोड़ो संकल्प समारोह का आयोजन किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीएम भूपेश बघेल अध्यक्षता भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीबी श्रीनिवास ने किया कार्यक्रम में प्रदेश भर के युवा कांग्रेसी कार्यकर्ता पहुंचे तो वही सूरजपुर जिले के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव के नेतृत्व में हजारों की संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता राजधानी रायपुर पहुंचकर कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित किए कार्यक्रम के पश्चात युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव को सूरजपुर जिले में भारत जोड़ो पदयात्रा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर बेस्ट युवा कांग्रेस का पुरस्कार से सम्मानित किया गया तो वही श्री यादव ने बताया कि पूरे जिले भर में पदयात्रा निकाली गई उसमें समस्त कांग्रेस जनों का भरपूर सहयोग मिला एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव एवं अकाश शर्मा का आभार जताया एवं कहा कि जो भी प्रदेश नेतृत्व का दिशा निर्देश रहेगा उसमें पूरे सूरजपुर जिले के युवा कांग्रेस कार्यकर्ता कड़ी मेहनत करके सफलता के शिखर पर ले जाएंगे

# शासकीय वाहन चालक संघ की बैठक सम्पन्न



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- छ.ग. प्रदेश शासकीय, अर्द्धशासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिकी कर्मचारी संघ की प्रांतीय प्रचार सचिव रमेश राजवाड़े एवं जिलाध्यक्ष परमेश्वर राम देवांगन की अगुवाई में वाहन कक्ष में 22 नवम्बर को शासकीय वाहन चालक संघ का बैठक रखा गया जिसमें सभी सदस्यों ने एक मत से अपनी अपनी समस्याओं से संघ को अवगत कराये जिसमें वेतन के बारे में चर्चाए किया गया तो पता चला कि कुछ विभाग प्रमुख अधिकारियों के द्वारा दैनिक वेतन भोगी कलेक्टर दर पाने वाले वाहन चालकों को चार माह से ग्यारह माह तक भुगतान नही किया गया है यह भी कहा गया कि समय से कभी नही भुगतान होती है जिससे परिवार के पालन पोषण में काफी कठनाईयों का सामना करना पड़ता है, इसके लिए जिला के कलेक्टर को अवगत कराने का अभीमत प्राप्त हुआ। इसके अलावा वाहन कक्ष पार्किंग की साफ सफाई से लेकर कक्ष का जीर्णोधार एवं बैठक व्यवस्था और अगामी बैठक में कार्यकारिणी का गठन तथा समान्य चर्चाये की गई। इस बैठक में सुनील हितकर, कृपाल सिंह, अनूप खाखा, मुकेश साहू, ज़ियाउल हुसैन, योगेन्द्र साहू, सलीम किंडो, विजय यादव, शंकर रजक, संतोष सिंह,राज कुमार यादव, रथिन हलदार, नरेंद्र गुप्ता, भोला राजवाड़े, रविन्द्र तिवारी, प्रियरंजन, विजय देवांगन, अशोक मसीह, चैनप्रकाश राजवाड़े, दिनेश साहू, रामदुलार पैकरा व अन्य उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर छतरंग में 24 नवंबर को

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- 24 नवंबर 2022 को ओड़गी ब्लॉक के सुदूर क्षेत्र छतरंग में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभाग द्वारा संचालित शासन की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, विभिन्न मांगो एवं समस्याओं, शिकायतों का सुनवाई कर निराकरण किया जाएगा। साथ ही छतरंग के आस-पास के गांव का भी निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं का अवलोकन करेंगे। कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने सभी विभाग प्रमुख को शिविर स्थल में पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू होकर विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।